अब माननीय सदस्य एक इंडस्ट्री में एक यूनियन की मांग करते हैं तो फिर आज कैटेगरीवाइज यूनियन की बात नहीं होनी चाहिए । थर्ड पे कमीशन ने कैटेगरीवाइज यूनियनों की मांगों और उनके पे स्केल्ज के बारे में अपनी सिफारिशें की हैं । रेलवेज को जो रेकगनाइज्ड फेडरेशन है, उन्होंने इस सम्बन्ध में अपने विचार रखे हैं । रीव्यू कमेटी इन सब बातों की छान-बीन कर रही है । जैसा कि श्री ए० पी० शर्मा ने कहा है मियां भाई ट्रिब्यूनल की रिपोर्ट आई है और उसके बारे में डिसिजन होना है । लेकिन रेल कर्मचारी केवल आठ घंटे काम करेंगे और उसके बाद ट्रेन को रोक देंगे क्या माननीय सदस्य उसको राष्ट्रीय हित में समझते हैं ? अगर आठ घंटे हो गये, तो कर्मचारी उसी स्टेशन पर काम बन्द कर देंगे और सारे जिजर्ज को वहीं स्टेंडिड कर देंगे ।

आज कुछ मुट्ठी भर लोग इस विकट परिस्थिति का लाभ उठाना चाहते हैं । इस देश की जनता का कर्तव्य है कि वह इस परिस्थिति का मुकाबला करने में सरकार का सहयोग दे । जो लोग जनता को गुमराह कर रहे हैं उनको ऐसे कामों से बाज आना चाहिए । सरकार बातचीत करने के लिए तैयार है । मैं रेलवे मिनिस्टर को जानता हूं । वह दरिया-दिल हैं । उन्होंने बिना इस बात का ख्याल किये कि कौन सा फैडरेशन रेकगनाइज्ड है, सबको बातचीत के लिए बुलाया है और बहुत से मेम्बर्ज आफ पार्लियामेंट की बातों को सुना है । मैं वर्कर्स से कहना चाहता हूं कि आप राजनीतिक दाव-पेच में यदि आये तो आज की विकट परिस्थिति के समय में सारी जनता आप को माफ नहीं करेगी; यह एक अराष्ट्रीय काम होगा । हम उस हड़ताल को समझते हैं लेकिन हड़ताल समय पर करें । शास्त्री जी आपने इसके लिये 'मोस्ट-अन-अपार्चून' टाइम चुना है । जो लोग जो उन लोगों को भड़काते हैं मैं उनसे अपील करना चाहता हूं—आज की परिस्थिति को देखते हुए, सारी जनता जब अन्न के लिये मर रही है वह जा कर बिना किसी नैगो-शियेशन के स्ट्राइक काल्ड-आफ करें और माननीय मंत्री जी के साथ अपनी रिकगनाइज्ड फैडरेशन को भेज कर बात करें । मैं नहीं समझता, माननीय मंत्री जी को किसी मजदूर को निकालने में प्रसन्नता होगी, किसी मजदूर को विक्टिमाइज करने में प्रसन्नता होगी । यदि

ऐसा होगा तो, मैं सभापति जी आपसे कहना चाहता हूं, हम सदन के सदस्य आपके साथ हैं, मजदूरों की भावनाओं के साथ हैं। लेकिन आज ऐसे समय में बिना किसी दांव-पेच के, बिना किसी राजनीतिक लाभ को उठाकर और उन लोगों को जो चाहते हैं कि तमाम तरह की कैटगरीज की यूनियन्ज बनाई जाय और वह उसका लाभ उठायें, ऐसा न होने दे और परिस्थिति को समझते हुए, देश की जनता की पुकार को समझते हुए, जिनको रोटी की जरूरत है, आप अपनी हड़ताल को वापस लेंगे। मैं उनसे निवेदन करूंगा और माननीय मंत्री जी से भी निवेदन करूंगा कि सहानुभूतिपूर्वक उनकी मांगों पर विचार करें।

PROF. MADHU DANDAVATE (Rajapur). Mr. Chairman, Sir, when Shri Ramavatar Shastri initiated the discussion on this important subject, I wish he, as a trade unionist who is involved in the struggle, had actually mobilised the mass support of various sections of this House. If I were in his place, I would have tried to mobilise the broadest support in this House, Unnecessarily he went into the trade union rivalries; unnecessarily he tried to rub the two Federations; unnecessarily he brought Shri George Fernandes into the picture. Even then, Sir, we will settle our accounts of trade union rivalries somewhere else. It is an unwritten rule of the trade union movement that, when the workers are on strike and when they are in the trenches of their struggle, you have to see that they are brought out of the crisis and the substance of their economic demands is won. That is the attitude of any progressive trade unionist and I, as a socialist, in spite of Mr. Ramavatar Shastri's criticism against the Chairman of the Socialist Party and the militant trade union leader of a militant trade union movement in this country, do not want to join issues regarding his rivalry with the Federation beacuse I know that he and his party comrades are already part and parcel of the All India Railwaymen's Federation. They might have some grievances. Leaving that aiside, I come to the issue proper.

There are certain problems on which discussions have been going on. They have sent a number of memoranda. Mr. Ramavatar Shastri has quoted various communications sent to the railway authorities. We in this House are interested in solving the crisis. Myself and my organisation are definitely against any category-wise unions. The AITUC is also against it. It is good that Shri Indrajit Gupta has made it clear that he personally and his trade union organisations also do not want the various categories to organise unions. In the railway industry, if we permit these types of unions to come up, 700 unions can be organised in the railway industry and that will be the death knell not only of the railway authorities but also of the organised trade union movement in the country. Therefore, we do not want such splinter category-wise unions to take place. *(Interruptions)*. Please listen to me. The reality of the situation might be that some of the loco staff members might have a grievance against the All India Railwaymens Federation to which I have unflinching allegiance. But these are ways and ways in which these can be settled and I would urge that even if any sections want to get their demands agitated in a big industry like the railways, if you go on launching categorywise struggles, it will be difficult to bring pressure on the Railway Board and the Railway authorities and, in the interests of achieving their economic demands and in order to achieve their just demands, it is necessary that the struggle is as broad-based as possible. But on that score I shall not like to condemn the present struggle. I will not condemn the strike on the ground that it is not broad-based. But, all

the same, it is a struggle and, therefore, I would consider a struggle as an external manifestation of an internal discontent Therefore, I would like to find out as to what their grievances are. Therefore, I would plead with the Minister. do not go by prestige, do not go by status symbols and I would also appeal to this category union to try to sit round the table and try to mobilise the support of various sections of tradeunionists in this House, and through this Parliament and its Members we will request the Minister to consider the grievances of the loco workers, try to sort them out and see whether the core of the economic demands put forward by this organisation can be legitimately met I am sure the leadership of the two Federations also will mobilise their strength because ultimately if such an organised section of the railway industry goes out and actually develops a splinter tendency, it will be to the detriment of the Federation whether it is the federation led by Shri Sharman or whether it is the Federation led by Mr Peter Alvares

In conclusion, I will say none of us differs on some of the basic demands like the revocation of the suspensions, removal of the reversions, ending of the transfers, offering them pay protection, offering them job guarantees ending victimisation and giving them a categorical promise These are some of the basic issues on which even the two federations will not disagree and they will also use their good office

Therefore, on the one side I will urge the Railway Minister to consider the core of the economic demands Of course, I will not plead for giving representation to categorical union not because I owe allegiance to the All India Federation Even if I am not supporting it in the interests of organised trade union, but I consider the core of the economic demands quite just and I would appeal to the Minister and simultaneously I would appeal to these unions to get the sympathy of this Parliament and get some assurance from the Minister and advise the loco workers to withdraw the strike so that they may join the mainstream of the greater struggle that is coming in and which is to be a part and parcel of the wider struggle and which has the greater possibility of not only achieving your current demands on which you should get on assurance just now but also achieve even the wider demands So, in this spirit of trade unionism I will appeal to Mr Ramavatar Shastri and the Minister

**श्री चन्द्रिका प्रसाद** (बलिया) माननीय सभापति जी, यह हमारे संविधान में है कि मजदूर अपना हक मांगने के लिये शान्तिमय प्रदर्शन कर सकते हैं। हमारी सी० पी० आई० के साथी ने कहा कि कांग्रेस की जो नीतियां हैं वे मजदूरों के विरुद्ध हैं। जब हमारे संविधान में यह बात है तब ये कैसे विरुद्ध है। फिर भी मैं याद दिलाना चाहता हूं —जब खड़ग, सुरामा, बर्नी में बल्कि सारे देश में विक्टिमाइजेशन की बात चल रही थी तो इस बात को हमारे साथियों ने उठाया, कांग्रेस के हमारे उन साथियों ने उठाया जो मजदूरों के साथ काम करने वाले हैं उनके हिमायती हैं वह लड़े और उनके सारे अधिकारों को, मंत्री जी के न चाहते हुए भी हमारी सारी बात सरकार को माननी पड़ी। यह कहना पड़ा

**श्री एस० एम० बनर्जी** प्वाइन्ट आफ आर्डर मिनिस्टर साहब अपनी फाइल रख कर गये थे लेकिन ये पढ़ने लगे हैं।

**श्री चन्द्रिका प्रसाद** हम मानने को बिल्कुल तैयार नहीं कि हमारी नीतियां ऐसी हैं जो मजदूरों के खिलाफ हैं। बल्कि हमारी सरकार मजदूरों के समर्थन में है। आज जो देश की स्थिति है उसको देखकर मजदूरों को स्ट्राइक नहीं करनी चाहिये थी। मैंने चार, पांच जगहों में देखा है, साहबेटनगर, टुंडला आदि में, मुझको शिकायत है अपने साथियों

[श्री चन्द्रिका प्रसाद]

से कि उन्होंने हमको कान्फीडेंस में नहीं लिया। शास्त्री जी जिस यूनियन में काम करते हैं मैं भी उनके साथ हूं, यानी कैटेगरी यूनियन में काम करता हूं, लेकिन हमको विश्वास में नहीं लिया गया, हमको धोखा दिया गया। इसलिये अब देश में भुखमरी हो, लोग भूखे मर रहे हों, अकाल पड़ा हुआ है ऐसे समय में हमारे साथियों की नीति मजदूरों के विरुद्ध है, उन को परेशान करने की है और देश की जनता के विरुद्ध है।

मैं यह मानता हूं कि हमारे साथियों ने जब हड़ताल की थी, मुकामह, बरौनी आदि में जब श्री हनुमन्तैया रेलवे मंत्री थे, तो उस समय कहा गया था कि स्ट्राइक वापस ले लो किसी का विक्टिमाइजेशन नहीं होगा। मैंने रेल अधिकारियों से बात की उन्होंने हमारी बात को नहीं सुना तो प्रधान मंत्री को इंटरवीन करना पड़ा और उनके कहने पर स्ट्राइक वापस ली गयी। रेलवे अधिकारियों की जो नीति है उसमें फर्क हो सकता है लेकिन हमारी पौलिसी प्रो-मजदूर है। मैं यह स्पष्ट करना चाहता हूं कि स्ट्राइक वापस लेने के बाद जब विक्टिमाइजेशन हुआ तो हमने मजदूरों का साथ दिया जिससे स्पष्ट है कि हम मजदूरों के प्रति सहानुभूति रखते हैं, हम उनके हमदर्द हैं। हो सकता है कि सरकारी कर्मचारियों की नीति और जो मान्यता प्राप्त यूनियन्स है, उनके अन्दर काम करने की वजह से खराबी हो, लेकिन समय की पुकार को सबसे पहले देखना चाहिये। यह समय, जब बड़ी नाजुक स्थिति में देश गुजर रहा है, हड़ताल का नहीं है।

मैं इस बात को मानता हूं कि एक यूनियन होनी चाहिये, लेकिन साथ ही यह भी सही है कि अगर मजदूरों से बात करने की सुविधा होती तो हड़ताल की नौबत नहीं आती। इसलिये आवश्यक है कि मजदूरों की बात सुनने की नीचे स्तर पर कोई न कोई मशीनरी अवश्य होनी चाहिये। अगर ऐसी व्यवस्था रहे तो मजदूर हड़ताल नहीं करेंगे। आप मजदूरों की बात सुनिये।

रेलवे हमारे देश का बड़ा भारी पब्लिक सैक्टर है जिसमें दुनिया भर की समस्यायें हैं। अब भी मौका आया हमने स्ट्राइक की और हमेशा यह आश्वासन दिया गया कि हड़ताल समाप्त कीजिये जिससे समस्या का हल निकाला जा सके। इस बार भी रेलवे मंत्री का यही कहना है। मैं मानता हूं कि जिन मजदूरों को बन्द किया गया उनको छोड़ देना चाहिये, जब तक कि हिंसा या तोड़ फोड़ न की हो, और उनकी बात सुननी चाहिये। लेकिन पहले वह अपनी हड़ताल वापस लें और बात करें। हम उनकी समस्याओं को सुनने के लिये और उनको सुलझाने के लिये तैयार हैं।

SHRI P. M. MEHTA (Bhavnagar): I do not want to touch upon the point whether the shopwise or categorywise union should be recognised or not, because, that is not the issue before the House The issue before the House is the current situation in the Railways I would like to ask a pointed question to the hon Minister Has the situation arisen all of a sudden? No I think the situation has not arisen all of a sudden I regret that the Administration generally has not attended to the grievances and the problems of the loco employees

As it is, it is ending since long as my hon friend, Shri Ramavatar Shastriji mentioned in his speech.

Now, Sir, I would like to state that there is a strong feeling in this country, particularly, amongst the workers and students that this Government do not understand the peaceful and constitutional means adopted for redressing the grievances of the people This Government only understands the language of force, threat and violence That is the situation that is arising every now and then. I know of certain cases of this nature which were referred to P & T, in my opinion five years ago, which have not yet been settled. The workers are losing faith in the constitutional or peaceful approach. And it is this which has created this situation.

I would now say that the Government should not make this a prestige issue. At the same time, I would also request the Union not to take this as a prestige issue Both should simultaneously come to settlement by discussing across the table and by finding out a solution so as to bring the country out of the present crisis I end my speech only with this observation.

SHRI BHAGWAT JHA AZAD: You mean this time the Government should not yield to any threats That is what you want to say

SHRI P. M MEHTA: I say that this is due to negligence of the Government This Government is primarily responsible for this I would say that a solution should be found out Simultaneously the workers, the representatives of the workers and Government should sit together for a discussion across the table to come to a solution.

श्री एम० राम गोपाल रेड्डी (निजामाबाद) सभापति जी हमारे रेलवे के कर्मचारी देश भक्त है और अच्छे लोग है। पर दुर्भाग्य से वह अपोजिशन के बहकाने मे आ गये है। मैं आप से कहना चाहता हू कि रेलवे देश की सम्पत्ति है, इस मैं तीन हजार करोड रु० लगा हुआ है और उसको सिर्फ एक परसेन्ट ही नही मिल रहा है। आज कल हमारे कम्युनिस्ट नेताओ का एक फैशन हो गया है बिडला और टाटा को गालियां देने का। लेकिन अगर यही पैसा उन के पास लगाया जाता तो 10 परसेन्ट उस का रिटर्न होता। मैं चाहता हू कि रेलवे मे जो करप्शन है उस को खत्म किया जाए और 300 करोड रुपया जनरल रेवेन्यू मे देने के बाद जो भी बचता है वह कर्मचारियो को बांटा जाए। मजदूर और अपोजीशन के नेता यह समझते है कि रेलवे जैसे उन्ही की प्रोपर्टी है। जिस गरीब जनता का तीन हजार करोड रुपया पिछले 150 साल से लगा हुआ है वे आपरेशन



बैठे है उन बचारो के लिए कोई सुविधा नही आज भी उनको डिब्बो मे जानवरो की तरह भरा जाता है। अगर हमारे देश मे अच्छी परिस्थिति होती तो भी मै मानता कि चलो स्ट्राइक का बहुत असर जनता पर नही पडेगा। लेकिन जिस मुसीबत मे देश गुजर रहा है उस को देखते हुए यह स्ट्राइक बुरा है और मजदूरो को स्ट्राइक करने का कोई हक नही है। इन को जितना पैसा मिल रहा है शायद किसी को नही मिलता होगा मामूली ड्राइवर को भी 600 से 1100 रुपया मिलता है। कटेगरी दो के ड्राइवरों को 125 से ले कर 520 रु० प्रति माह मिलता है और कैटेगरी तीन के ड्राइवरो को 375 से 500 रुपये प्रति माह मिलता है। गरीब किसान का खून चूस कर यह लोग सरकार का पैसा छीनना चाहते है। मै कहना चाहता हू कि रेलो की मालिक सरकार नही है जनता है। एक पैसा भी बिना लोगो की मर्जी के आप नही दे सकते है। जो पैसा अब तक उनको तनख्वाहो के रूप मे दिया जा रहा है, वह बहुत दिया जा रहा है। वे हडताल करना चाहते है तो करें लेकिन गवर्नमेंट दबे नही। श्री एल० एन० मिश्र का रिकार्ड अब तक बहुत अच्छा रहा है। अगर वह उनके प्रैशर मे आ गये और दब गए तो मै समझता हू तो उनकी सियासी जिन्दगी खत्म हो जायेगी। मै आशा करता हू कि वे दबेंगे नही।

श्री इन्द्रजीत गुप्त मामूली ड्राइवर का क्या मतलब है ?

श्री एम० राम० गोपाल रेड्डी : जैसे मैं मामूली सदस्य हू वैसे ही मामूली ड्राइवर।

श्री एस एम बनर्जी मेरे मित्रो ने कहा है कि देश की परिस्थिति बहुत गम्भीर है। बहुत ही जज़बातो मे वह मेरे परम मित्र श्री भागवत झा आज़ाद ने कहा है कि गुजरात, महाराष्ट्र और भूखा बिहार अन्न मांगता है, बंगाल मांगता है अन्न को ढोने के लिए और ऐसे मौके पर यह हडताल नही होनी चाहिए थी। उनकी यह बात समझ मे आती है लेकिन मैं एक सवाल

[श्री एस० एम० बनर्जी]

पूछना चाहता हूं कि क्या हडताल से पहले महाराष्ट्र मे सूखा नही था या बिहार भूखा नही था? मालूम होता है कि यह कह रहे थे कि इस हडताल के बाद ही वहा अनाज नही जा रहा है ।

मेरे मित्र शर्मा जी ने कहा है कि हडताल का फसला कैसे हुआ ? क्या आल इंडिया स्ट्राइक बैलट हुआ? मैं उनको बतलाना चाहता हू कि बोनस के इशु पर हडताल होने जा रही है । हडताल का जब कोई फैसला करे तब तो वह ठीक है लेकिन अगर अचानक हडताल हो जाये तो वह बुरी है यह कैसे कहा जा सकता है। मैं चाहता हू कि मामले को सुलझाया जाए, इसको उलझाया न जाए। मै भी इसको उलझाना नही चाहता हू । तीन चार घण्टे मुतवातर मंत्री महोदय के साथ इस मामले पर बहस चलती रही है और मैं उनकी धीरज की दाद देता हू कि उन्होंने बहुत ही ध्यान से हमारी बातो को सुना है और स्थिति की नजाकत को समझने की कोशिश की है । उन्होंने कल जो बयान दिया है उसका इम्प्लिमेंटेशन अगर सही तरीके से हो जाए और जो डर कर्मचारियों के दिल में है वह निकल जाए तो स्थिति सुधर सकती है। उनको डर है कि डी० आई० आर० के अन्दर उनको गिरफ्तार कर लिया जाएगा जैसे मि० चौधरी गिरफ्तार कर लिए गए हैं रतलाम मे ।

उनको मालूम हो जाये कि दिल्ली में आने के बाद वे गिरफ्तार नही कर लिए जाएगे और जो गिरफ्तार है उनको रिहा करके अगर उनसे समझौता वार्ता शुरू की जाए, तो मै समझता हूं कि बहुत आसानी से फैसला हो सकता है।

बहुत ज्यादा, सभापति महोदय, फैडेरेशन्ज हों यह मैं भी नही चाहता हूं । लेकिन मैं शर्माजी से पूछता हूं कि क्या हिन्दुस्तान में पहले आल इंडिया ट्रेड यूनियन एक नही थी तो और अगर एक थी तो 1917 के बाद आई० एन० टी० यू० सी० क्यों बनी? आल इंडिया रेलवे मैन फैडेरेशन क्या एक नही थी, तब आपने एन० एफ० आई० आर० क्यों बनाई? आल इंडिया डिफेंस एम्प्लायीज एसोसिएशन की नेशनल फेडरेशन के नाम से दूसरी फैडरेशन क्यो बनाई। पी०एड०टी० मे जो रिएलाइनमेंट की पालिसी चली बाबू जगजीवन राम ने जो वक्तव्य दिया था उसके अनुसार और उन्होंने कहा था कि एक को ही वह मान्यता देगे तो दूसरी आई० एन०टी० यू० सी०क्यो बनाई ?

एक बात है? कैटगरी वाइज यूनियने जोर क्यो पकड रही है आल इंडिया रेलवेमेन फैडेरेशन, एन०एफ०आई०आर०, के बावजूद भी आल इंडिया लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन को आखिर हडताल कराने में कामयाबी कैसे हासिल हुई ? मै चाहता हू कि हम अपने दिलो को टटोले और देखे कि ऐसा क्यो हुआ है इस मे टकराव की बात नही है, लड़ाई की बात नही है। हर एक इंडस्ट्रीज मे केवल एक यूनियन हो और मजदूरो के सामने दो या तीन बक्से रखें जायें और जिसके हक मे मजदूर वोट दे दे वह रहे और दूसरी या तीसरी न रहे इस मे किसी का एतराज नही है ।

श्री शर्मा ने कहा कि हम मैजारिटी को रिप्रिजेंट करते है। मै मान लेता हू । लेकिन कभी कभी गलतफहमी भी हो जाया करती है । आप हडताल की बात नहीं करते लेकिन फिर भी कभी-कभी हडताल हो जाया करती है। हडताल करना भी जरूरी नही है और हडताल को तोडना भी जरूरी नही है ।

रनिंग स्टाफ के बारे मे मै इतना ही कहना चाहता हू कि देश भक्ति मे व किसी से कम नही है । चीन के साथ या पाकिस्तान के साथ हुई लड़ाई मे उन्होंने अपनी देश भक्ति का परिचय दे दिया है । लेकिन जो सेवा की होती है, उसका आप क्या इनाम देते हैं इसको देखें ? बाहर पन्द्रह साल के बाद, प्रशसनीय नौकरी करने के बाद अगर किसी की आंख खराब हो जाती है तो उसको आप सिर्फ पानी पिलाने के लिए रख लेते है । पार्लिमेंट मे आप पास कर रहे हैं कि एम पीज को पैंशन तीन सौ रुपया दी

जाए । लेकिन जो इंजन चलाते चलाते इंजन मे कोयला झोकते-झोंकते किसी वजह से डिमागल हो जाता है उसको आप पानी पिलाने की ही नोकरी देते है वेज उसकी प्रोटैक्ट नहीं करता है ।

सभापति महोदय, मै कहना चाहता हूं कि लडाई हम बाद मे लड लेंगे कि कौन सी फैडेरेशन रहनी चाहिये । ये कमीशन की लडाई आ रही है, बोनस की लडाई आ रही है। आल इन्डिया रेलवे मैन फैडेरेशन हमारे साथ है आशा है कि आप भी हमारे साथ रहेंगे । यूनिटी इन डाइवर्सिटी नही, यूनिटी इन एक्शन होनी चाहिये । अगर ऐसा नहीं होता है तो मै कहना चाहता हू कि ये आपको ले डूबेंगे । आप इनसे अलग रहिये। मेहरबानी करके आग बुझाने की कोशिश करें, इसको सुलगायें नही । जिस तरह से कल तीन घण्टे बैठ कर फैसला करने की कोशिश की है और जिस का हम लोगो ने स्वागत किया है उसी तरह से इसको आप सुलझाने की कोशिश करें। आपस की लडाई होती रहेगी, गलियों मे सडको पर बाहर लड लेंगे अडे मे लड लेंगे डंडे से लड लेंगे और जरूरत होगी तो लडेंगे नही तो नही लडेंगे । लेकिन आज कम मे कम रेलवे एम्पलाइज को बचाने के लिए, सारे देश मे जो परिस्थिति उत्पन्न हो गई है उससे इसको उभारने के लिए हमे चाहिये की हम पार्टियों से ऊपर उठ कर काम करें । मिनिस्टर साहब से मे निवेदन करना कि आप हडताल का फैसला करें । हडताल सही है या नही इस मे आप न जाएँ लेकिन हडताल है उसमे इकार नही किया जा सकता है । मैं इसको उलझाना नही चाहता हू । आई० एन० टी० यु० सी० लडाकू है या नही यह मैं नही जानना । लेकिन एक नारा देते है कि हम लडते नही है। मै एक छोटा सा लतीफा कह कर खतम कर देना ह । आई० एन० टी० यू० सी० की पहचान क्या है। एक अमीर आदमी को भगवान ने सब कुछ दिया लेकिन उसके कोई बच्चा नही था, औलाद नहीं थी, मंदिर मे जा कर, मस्जिद में जा कर, तावीज लेकर, डाक्टरों के पास पहुंच कर बड़ी मुश्किल से उसके यहा बच्चा हुआ । बड़ा होनहार बच्चा था , खबसूरत बच्चा था। जब वह चार पांच साल का हुआ तो उसको एक अजीब सी बीमारी हो गई । रात को सोते सोते वह चौंकता था, चिल्लाता था जागते रहो आगे बढ़ो। मा घबरा गई । एक ही बच्चा था । वह भागी-भागी डाक्टर के पास गई, उसने भागदौड की। डाक्टरों के पास एक डाक्टर चालाक था। उसने कहा कि यह बताइये माता जी कि यह लडका जब चौकता है या चिल्लाता है उस वक्त यह सो रहा होता है या जागता होता है । उसने कहा की यह खर्राटे ले रहा होता है । डाक्टर ने कहा मिठाई बांटिये। आपके घर मे आई०एन०टी०यु०सी० का लीडर पैदा हुआ है ।

**श्री हुकम चन्द कछवाय** (मुरेन): सभापति महोदय, आज हम इस विषय पर चर्चा कर रहे है कि लोको कर्मचारियो की हड़ताल क्यों हुई इसके पीछे क्या समस्या थी। कहा जाता है कि दो यूनियनों को मान्यता मिली हुई है, उन के सदस्यो की सख्या अधिक है और रेल कर्मचारियों पर उन का प्रभुत्व है । तो फिर यह हडताल क्यों हुई और किस ने कराई और मत्री महोदय उन लोगों को समझाने मे असफल क्यो हुए ? यह मूल बात है ।

बात बिल्कुल साफ़ है कि उन लोगों की वाजिब मांगों को नही माना गया है । मंत्री महोदय और सरकार की ओर से अनेकों बार जो आश्वासन दिये, उन को निभाया नहीं, गया । इसी लिए कर्मचारियों मे उत्तेजना पैदा हुई है और उन्होने हडताल की है । इस अवस्था मे उन की मागे उचित है और यह हड़ताल वाजिब है ।

कहा जाता है कि एक युनियन होनी चाहिये मैं उस से इकार नही करता हू । मैं भी चाहता की एक उद्योग मे एक यूनियन हो, लेकिन उस का निर्णय गुप्त मतदान प्रणाली के माध्यम से होना चाहिये । यदि सरकार ऐसा नहीं कर सकती है तो मेरा कहना है कि जिस तरह भारत की लोक सभा मे सब विचारों के लोग है और

[ श्री हुक्म चन्द कछवाय ]

वे यहां पर अपने-अपने विचार रखते है, उसी तरह हर एक उद्योग मे जितनी यूनियनें है, उन का एक-एक प्रतिनिधि लेकर एक मंडल बनाया जाये और उसके द्वारा हर एक समस्या को सुलझाया जाये । सब विचारों -के लोगों का एक संगठन बने सब लोगों के विचार वहा आवें और उस के माध्यम से हर समस्या का समाधान किया जाये ।

रेलवे बोर्ड के बारे मे बहुत सी बातें कही गई हैं । रेलवे मे जो बहुत सी युनियनें है वे अपनी-अपनी समस्याओं के बारे मे रेलवे प्रशासन के विभिन्न विभागो और अधिकारियो ो पत्र लिखती है जो पार्लियामेंट के मेम्बर विभिन्न यूनियनो के अध्यक्ष या पदाधिकारी हैं वे भी कई विषयो पर पत्र लिखते हैं । लेकिन उन पत्रो का कोई जबाब नही दिया जाता है । कर्मचारियो मे उत्तेजना फैलने का यह भी एक प्रमुख कारण है । पता नही कि रेलवे बोर्ड का हाजमा कैसा है कि वह सब पत्रों को हजम कर जाता है । इसलिए यह आवश्यक है कि उन के पदाधिकारियो और संसद सदस्यो द्वारा रेलवे प्रशासन को जो पत्र लिखे जाये, उनका समय पर उत्तर दिया जाए ।

मंत्री महोदय का कहना है कि वह कर्मचारियों से बातचीत करने जा रहे है । रेलवे मे जितनी रजिस्टर्ड युनियनें काम कर रही है यदि वे उन सब को बुला कर बातचीत करेंगे तो मेरा विश्वास है कि इस समस्या का कोई अच्छा हल निकल जाएगा ।

कहा जाता है कि देश को बडी अटिल समस्याओं का सामना करना पड रहा है और ये लोग इस तरह के काम कर रहे हैं । मेरा निवेदन है कि यह समस्या आज की नही है, बहुत पहले की है और वह सरकार की गलत नीतियो के कारण पैदा हुई है । इस स्थिति के लिए दोषी यह सरकार है । गलती करे वह और दोष सारा डाले मजदूरों और कर्मचारियो पर, यह उसके लिए शोभा की बात नही है ।

मंत्री महोदय ने कहा है कि लोग आकर उन से मिलें ? वह लोगों को बुलायें, उन मे बात करे और उनको विश्वास मे ले। वह केवल कुछ इने गिने लोगों मे हीं न मिले जो उन के आगे पिछे ही फिरते है । रेलवे मे जा भी यूनियनें काम कर रही हैं, वह उन सब के प्रतिनिधियो को बुला कर उन को विश्वास मे लें और इस समस्या का कोई अच्छा हल निकालें ।

कर्मचारियो और उनकी युनियनो की तरफ मे अनेकों बार नोटिस और ज्ञापन दिये जाते है, लेकिन उनकी तरफ कोई ध्यान नहीं दिया जाता है । उसी के परिणाम स्वरूप ऐसी स्थिति पैदा होती है । अगर रेलवे प्रशासन और मंत्री महोदय सबको विश्वास मे लेकर कार्य करते, सब पत्रों का उत्तर देते, इस समस्या पर पहले से विचार किया जाता तो यह दिन देखने को न मिलता । मंत्री महोदय इस बात से इकार नही कर सकते कि उनको कितनी ही बार सूचना दी गई है । श्री रामावतार शास्त्री ने तारिखें गिनाई है कि कब-कब क्या-क्या किया गया । मंत्री महोदय आश्वासन देने मे तो बहुत माहिर हैं लेकिन वह काम कौडी का नही करते है । इसलिये लोगों का अब सरकार मे विश्वास नही रह गया है ।

भविष्य मे इन बातों की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए मंत्री महोदय यह परम्परा डालें कि कर्मचारियों का विश्वास [illegible] यूनियनों से [illegible] रेलवे मंत्रालय जो एम० या किसी भी अन्य रेलवे अधिकारी या कार्यालय मे जो पत्र आये, उस पर तत्काल गौर किया जाये और उस का उत्तर दिया जाये । मेरा विश्वास है कि ऐसा करने से ऐसी घटनाये फिर नही होगी ।

THE MINISTER OF RAILWAYS (SHRI L N MISHRA): Mr. Chairman, I have listened to the debate with great patience and care. At the outset I should like to assure the hon Members that whatever constructive suggestions have flown from

them would be looked into carefully and it would be my endeavour to see that the Loco Runnning Staff get a fair deal.

As the House knows, the locomen went on strike on the midnight of 1st-2nd of this month and today is the fifth day of their strike It has been really a period of great stress and strain for the railways to face this kind of unexpected development when the national economy is facing a difficult situation. This strike has been resorted to without following the elementary principle of trade unionism. No ballot was taken, no notice of strike was given to us nor even the date of the strike was communicated to us.

SHRI INDRAJIT GUPTA. How can these things be done when you have already declared strikes illegal?

SHRI L. N MISHRA. I have to keep the record straight, and I request you to be patient. I do not want to go into the details of the various grievances and of demands of the workers of the railways here at this stage It can be discussed in a joint meeting of the representatives of the locomen and the railways. Here I should like to mention only one or two points The strike has affected 12 out of 49 divisions on 6 out of 9 zonal railways work as on integrated network and the mal-functioning of one zone or one division naturally affects the others in the zone The strike of the loco staff at important points has of course dislocated goods and passenger traffic. But with the judicious use of resources and high sense of duty of willing workers supervisors and officers, we have succeeded in maintaining the flow of commodities essential to the life of the nation and its basic industries—power houses, steel plants and fertilisers. Supplies of washed coal to the steel plants have been mentioned at a satisfactory level and petroleum specials have been rushed to the North. The movements of foodgrains from Punjab and Haryana to the deficit areas, where buffer stocks were low, had declined to 439 wagons a day on the first day of the strike. It was stepped up to 580 wagons on the second day and yesterday, to 610 wagons.



Long distance passenger services have been maintained at 95 per cent of the normal Overall, 75 per cent of the passenger and 65 per cent of the goods services have been operated during the last five days.

Here I should like to put on record my appreciation for the sense of devotion to duty and responsibility and of the great effort put in by thousands of railwaymen, especially the loco running staff supervisors and officers who have kept the wheels moving day and night in spite of difficulties I should like to give one assurance here to those people that their services would not go unrecognised I am really sorry to report to the House that there have been a large number of cases of intimidation and coercion of the willing workers coupled with physical violence and even kidnapping of the men on duty At some places, I had to mention the name of Dongaposi and Ranchi on South Eastern Railway the loco staff had to run away from their homes to escape the intimidators.

The strikers joined by miscreants from outside have forced shunting engines as well as engines of running trains to drop fire, thus immobilising the locomotives and causing obstruction to traffic.

In one case, the regulator of an engine was ripped open and the unmanned engine collided with two other engines, causing grievous injuries to some employees.

The House would appreciate that

despite difficulties caused by the strike, the Indian Railways have been able to run a large number of passenger and goods services.

Before I conclude, I would seek the indulgence of the House and support of the hon. Members of all sections of the House in making an appeal to the loco running staff to come back to work and restore normal functioning of the Indian Railways, especially in view of the critical situation through which we are passing today.

I would also state that if this illegal strike is called off within 48 hours from now, all the loco running staff including the office bearers of their association who have been arrested would be released without any delay, especially with a view to facilitate the holding of talks with their representatives regarding their grievances I would like to state here that whatever assurances I had given to the locomen at the time of the earlier strike in May 1973 would be implemented in letter and spirit I would like to mention here that when the May strike was called off, I had given three assurances. (1) release of those arrested, (2) no victimisation and (3) discussion between the Railway and the representatives of the Loco Running Staff.

So far as the first point is concerned, *i.e.*, the release of those arrested, I think almost all of those who were arrestd have been released.

As for No. 2, to the best of my knowledge there has been no victimisation. If there has been any, individual cases should be brought to our notice and they would be carefully looked into.

About the third point, *i.e.*, the discussion between the Railways and the representatives of the locomen, it may be brought to your kind notice that three sittings were held with the representatives of the locomen and more were to follow. In the meetings that I have been having with the leaders, including some Members of Parliament, in the course of the last 3 or 4 days,—I have met I think the representatives of INTUC, HMS, AITUC and CPM also—I have categorically stated that there would be no harassment of the loco running staff representatives including those of the All India Loco Running Staff Association who would come to participate in the discussion which could be held within 5 days of the calling off of the strike

I would also say that in respect of the implementation of the May assurance *status quo ante* i.e the position as on 24-5-73 would be maintained

To keep the record straight, I would like to mention one more point i.e, that if there has been a violation of the May strike assurance, it has been on the part of the locomen whose representatives had given a categorical assurance to me that the locomen would not go on strike for a minimum period of six months. But as the House knows, this strike has come just after two months. However, I do not want to pursue this point but would only reiterate my earlier appeal that the locomen must come back to work and their grievances will be looked into.

19 55 hrs

*The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock on Tuesday, August 7, 1973/Sravana 16, 1895 (Saka).*

MGIPND—SI -1296 L.S—27-9-73 1070